nt>

Title: Need to promote tourism in Gonda Disrtict of U.P. with a view of generating additional employment for the local youths. − Laid.

श्री कीर्ति वर्द्धन सिंह (गोण्डा) : अध्यक्ष महोदय, मैं लोक सभा में उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का प्रतिनिधित्व करता हूं। यह जिला प्राकृतिक रूप से समृद्ध होने के बावजूद आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है। यहां के बेरोजगार लोग रोजगार जुटाने हेतु महानगरों एवं अन्य शहरों की ओर अग्रसर हो रहे हैं। महोदय, इस जिले में बड़ी मात्रा में झीलें और वन सम्पदा है लेकिन आजादी की 56 वर्षों के बावजूद इनका समुचित उपयोग नहीं हो पाया है।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस जिले को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाये जिससे इस क्षेत्र की प्राकृतिक सम्पदा का सही ढंग से इस्तेमाल हो सके ऐसा करने से एक ओर सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी दूसरी ओर इस क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को रोजगार के अवसर भी उपलबध हो सकेंगे।